हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026

5 होली पर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था सर्वोच्च...

6 कुरूद ब्लाक के 44 हजार किसानों को मिला 158...










# किसानों के खाते में आई अंतर की राशि

- कृषि उपज मंडी में हुआ कार्यक्रम, महापौर बोले : किसानों से ही राज्य और देश समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




घोषणा के मुताबिक राज्य शासन ने होली से पहले ही शनिवार को किसानों के खाते में समर्थन मूल्य के अंतर की राशि डाल दी है। इससे जिले के करीब सवा लाख किसान लाभान्वित हुए। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

राज्य शासन ने किसानों को 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य देने का वादा किया है। खरीदी के दौरान किसानों को केंद्र शासन से निर्धारित समर्थन मूल्य के अनुसार भुगतान किया गया था। शनिवार को कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के खाते में अंतर की राशि डाली गई। इस दौरान सभी विकासखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धमतरी की नवीन कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर जगदीश रामू रोहरा थे। विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद थे।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि किसानों की समृद्धि से ही प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। राज्य और केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने, संगठित होकर खेती करने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से पारदर्शिता बढ़ी है और किसानों को समय पर सहायता मिल रही है। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुंजलाल देवांगन, महेंद्र पंडित, मोनिका देवांगन, धनेश्वरी साहू, दयाराम साहू, बालाराम साहू, ज्योति साहू, प्रकाश गोलछा, पिंटू यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

## खिले किसानों के चेहरे

जिले के 1 लाख 24 हजार 463 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। इन किसानों को करीब 434 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपए का बोनस दिया गया। कई किसानों के खाते में राशि पहुंच चुकी है। इनके अतिरिक्त बीज उत्पादक किसानों को भी लाभ दिया जा रहा है।

### मैसेज के साथ कॉल भी

खाते में राशि पहुंचने के बाद बैंक से किसानों के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर मैसेज आ रहा है। यही नहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रिकार्डेड कॉल भी किसानों के पास पहुंच रहा है, जिसमें वे कृषक उन्नति योजना के तहत खाते में राशि डालने की जानकारी देने के साथ किसानों को होली की शुभकामनाएं भी दे रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### झेरिया यादव समाज का सम्मेलन आज



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज जिला एवं ब्लॉक धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में 1 मार्च को ग्राम सोरम में जिलास्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता जगनीक यादव करेंगे। सम्मेलन में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं सामाजिकजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे शोभायात्रा से होगा।

### जिला साहू संघ की बैठक 2 मार्च को

**धमतरी।** जिला साहू संघ की बैठक 2 मार्च को प्रातः 11 बजे ग्राम तेलीनसत्ती स्थित सामाजिक भवन में आयोजित की जाएगी। संघ के महासचिव विजय कुमार साहू ने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### 3 को जिले की सभी सेलून दुकानें खुली रहेंगी

**धमतरी।** होली त्योहार के मद्देनजर जिले की समस्त सेलून दुकानें 3 मार्च मंगलवार को खुली रहेंगी। गांवों में कार्यरत सामाजिक सदस्य गंवई (हजामत) का कार्य कर सकते हैं। त्योहार के पश्चात आगामी मंगलवार से सभी सेलून दुकानें एवं गंवई कार्य पूर्व की भांति प्रत्येक मंगलवार को बंद रहेंगे। सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन एवं सचिव भगवानी राम शांडिल्य ने सेलून संचालकों एवं गंवई कार्य करने वाले सदस्यों से समाज हित में सहयोग की अपील की है।

### जीवराखन साहू बने जिला भाजपा किसान मोर्चा मंत्री



**मगरलोड।** भाजपा ने अपने विभिन्न मोर्चों का गठन किया है। कपालफोड़ी निवासी जीवराखन साहू को जिला भाजपा किसान मोर्चा मंत्री का दायित्व मिला है। अपने नवीन दायित्व को लेकर उन्होंने कहा कि संगठन से मिली जवाबदारी को पूरी इमानदारी व तन्मयता से निभाउंगा। जीवराखन पूर्व में भाजपा मण्डल मगरलोड में मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य, मन की बात कार्यक्रम के मण्डल संयोजक, कपालफोड़ी शक्ति केन्द्र प्रभारी, ग्रामीण विकास समिति कपालफोड़ी के अध्यक्ष, साहू समाज खिसोरा परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर विकास मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, राजेन्द्र गोलछा, शशि पवार, पिंकी शाह, विजय यदु, नरेश सिन्हा, रामायण सिन्हा, नरेश अग्रवाल, टीकम साहू, मुरली सिन्हा, नंदनी सिन्हा ने खुशी जाहिर की है।

## निधन

### संजय साहू



**धमतरी।** मेघा (मगरलोड) निवासी संजय साहू का 27 फरवरी शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे हीरु राम- रोहिणी साहू के पुत्र एवं दुलेश्वर साहू के भाई थे। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।


### देवलाल साहू



**पुरूर।** ग्राम पुरूर निवासी किराना व्यापारी देवलाल साहू उम्र 65 वर्ष का निधन 28 फरवरी को सुबह हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे एकता व्यापारी संघ पुरूर के अध्यक्ष साकेश साहू के चाचा एवं दिलीप साहू, ललित साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। व्यापारी संघ पुरूर एवं परिजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

क्षेत्रवासियों ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद, हितेश महेश फाउंडेशन का आयोजन

# मेचका में वैदिक रीति से 11 निर्धन कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत मेचका (सोंढूर) में 28 फरवरी को मेचका सोंढूर ईको पार्क के सामने स्थित भगवान शिव की विशाल प्रतिमा, शिवलिंग एवं नंदीजी के पावन सानिध्य में 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। आयोजन स्थल पर सुबह से ही आसपास के गांवों के महिला-पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

यह आयोजन हितेश महेश फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्थापक हितेश सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेदी पूजन, रुद्राभिषेक एवं रुद्र चंडी यज्ञ से हुआ। आचार्यों और पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार से तीन दिनों तक पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न धार्मिक अनुष्ठानों ने आयोजन को दिव्यता प्रदान की।

शनिवार को 11 जोड़ों का विवाह विधि-विधान से कराया गया। रस्मों के दौरान वर पक्ष को आवश्यक सहयोग सामग्री भी प्रदान की गई। समाजसेवा की भावना से प्रेरित इस पहल ने निर्धन परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक नया जीवन प्रारंभ करने का अवसर दिया और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। भगवान शिव की भव्य प्रतिमा के समक्ष संपन्न यह विवाह समारोह आध्यात्मिक दृष्टि से भी विशेष रहा।

नवदंपतियों ने फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसी पहल गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। ग्राम पंचायत मेचका के सरपंच जीवन नाग ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

संस्थापक हितेश सिन्हा ने कहा कि यह उनके स्वर्गीय पिता की सोच को साकार करने का प्रयास है और भविष्य में भी निर्धन परिवारों के सहयोग हेतु ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन संध्याकालीन भजन संध्या के साथ हुआ।

# अजय के प्रयास से विस को मिली 220 करोड़ की ऐतिहासिक सौगात

**कुरूद का मिशन विकास : सिंचाई क्षेत्र के लिए 86.51 करोड़ का प्रावधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



छत्तीसगढ़ के बजट 2026-27 में कुरुद विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास का एक नया अध्याय लिखा गया है। विधायक अजय चंद्राकर की दृढ़ इच्छाशक्ति और सक्रिय प्रयासों का परिणाम है कि क्षेत्र को कुल 220.07 करोड़ की विकास योजनाओं की स्वीकृति मिली है। यह आवंटन सिंचाई, सड़क, शिक्षा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कृषि और सिंचाई की दिशा में श्री चंद्राकर ने महानदी जलाशय परियोजना को नई संजीवनी प्रदान दिलवाई है। सिंचाई क्षेत्र के लिए 86.51 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो नहरों के कायाकल्प और सीसी लाइनिंग पर खर्च होगा। इससे नहरों के अंतिम छोर तक पानी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित होगी। योजना में सिर्वे, भखारा और भरदा माइनर का पुनरुद्धार तथा कठौली तटबंध एवं बिरेझर-मुल्ले में आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली शामिल है। इसके अतिरिक्त स्थानीय नालों के फ्लड प्रोटेक्शन के लिए 50 करोड़ की राशि का बड़ा प्रावधान किया गया है।

### सड़कों का जाल, सुगम आवागमन की सौगात

परिवहन और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए 102.70 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। खारून नदी (पचपेड़ी-भेलवाकूदा) और नागदेव नाला (रेंगाडीह-सिंगपुर) पर बनने वाले उच्चस्तरीय पुल वर्षाकाल के दौरान आवागमन की समस्या को जड़ से समाप्त कर देंगे। साथ ही कचना-बिरेझर-सिर्री (21 किमी), राखी-बगौद (8 किमी) और मेघा-सिंगपुर-दुगली (24 किमी) जैसे महत्वपूर्ण मार्गों का चौड़ीकरण और डामरीकरण क्षेत्र की रफ्तार को नई गति देगा।


### औद्योगिक और शैक्षिक सशक्तिकरण

युवाओं को संबल देने के लिए 16.69 करोड़ का बजट रखा गया है। ग्राम कचना में 14.12 करोड़ की लागत से बनने वाला नवीन औद्योगिक क्षेत्र कुरुद की नई पहचान बनेगा और स्थानीय रोजगार के द्वार खोलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी करेली और सिर्री में नवीन शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना के साथ-साथ कई माध्यमिक शालाओं के भवन निर्माण का कार्य भी पूरा किया जाएगा।

### प्रशासनिक मजबूती और ग्रामीण विकास

जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 11.73 करोड़ की लागत से कुरुद में आधुनिक एसडीएम और तहसील कार्यालय का निर्माण होगा। इसके साथ ही सिर्री में नवीन जल प्रदाय योजना और कुरुद में अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। भुसरेंगा-बगौद-बंगोली और कोर्रा-टिपानी जैसे मार्गों का निर्माण पीएमजीएसवाई के तहत किया जाएगा।

### विधानसभा क्षेत्र का हर कोना प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ेगा : अजय



कुरुद केवल मेरी कर्मभूमि नहीं, मेरी साधना स्थली है। मुख्यमंत्री साय और वित्त मंत्री चौधरी के सकारात्मक सहयोग से हमने विकास की जो ज्योति जलाई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। मेरा संकल्प है कि कुरुद का प्रत्येक कोना प्रगति की मुख्यधारा से जुड़े और समृद्ध कुरुद का सपना हर हाल में साकार हो।

# संवेदना सहायता समिति ने उपचार के लिए दिए बीस हजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की इकाई संवेदना सहायता समिति ने एक बार फिर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। समिति ने गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे 16 वर्षीय विनीत कुमार सोनवानी के उपचार के लिए 20,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

विनीत का हाल ही में आयुष्मान हॉस्पिटल कुर्रा में जटिल ऑपरेशन हुआ है। उपचार के दौरान परिवार पर आए आर्थिक संकट को समझते हुए समिति ने तत्काल सहायता राशि जुटाकर उसे परिजनों को सौंपा। फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष लुकेशराम साहू और समिति अध्यक्ष लीलेश्वर ग्वाल के निर्देश पर सचिव हेमलाल साहू, सहसचिव शंकर लाल मानिकपुरी, निर्मलप्रकाश सोनवानी और रामकुमार साहू ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर राशि भेंट की। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्यों हुलेश चंद्राकर, फालेश्वर कुर्रे, रामेश्वर साहू और अन्य पदाधिकारियों ने विनीत के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# मोहरेंगा में टीएलएम, मापन मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



संकुल केंद्र मोहरेंगा में राष्ट्रीय विज्ञान, टीएलएम, मापन मेला का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला अमलीभाठा, दमकाडीह, मोहरेंगा, बरभाठा, परेवाडीह व माध्यमिक शाला मोहरेंगा के बच्चे व शिक्षक सहभागी रहे। कार्यक्रम में भूपेंद्र ध्रुव सरपंच मोहरेंगा, गणपत पटेल ग्रामीण अध्यक्ष, मोहन पटेल, बालाराम पटेल, जितेंद्र कुमार साहू, भागीरथी सोनकर, श्रीमती उर्मिला साहू , शंकर लाल ध्रुव, रमेश कुमार यादव, युवराज देवदास, कोमल निर्मलकर, चंद्रशेखर साहू, जितेंद्र पटेल, होमेश्वर साहू, बिंदेश्वर कंवर, भागवत प्रसाद साहू, पंकज सूर्यवंशी, डागेश्वर साहू, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रीमती दीपा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी नटवरलाल बंजारे संकुल समन्वयक मोहरेंगा ने दी।

# 3 मार्च को होलिका दहन, 4 को रंग पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

क्षेत्र के विप्र विद्वान परिषद के विद्वानों योगेश्वर उपाध्याय गुजरा, जगदीश्वर प्रसाद शर्मा कोर्रा, ज्योतिषाचार्य सुनील तिवारी गुजरा, अंगेश्वर मिश्रा, रोशन मिश्रा सिहाद, सोमप्रकाश दुबे रामपुर, पंकज शर्मा, हरीश चतुर्वेदी भखारा, यशवंत शुक्ला सेमरा तथा राजा पाठक भोथीपार ने बताया कि होली हिंदुओं का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पर्व है। भारत के कोने-कोने में यह उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

देव पंचांग के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 3 मार्च मंगलवार को रहेगी। इस दिन दोपहर 3:20 से शाम 6:45 तक चंद्र ग्रहण रहेगा, इसलिए भद्रा काल और ग्रहण अवधि में होलिका दहन वर्जित माना गया है। ग्रहण समाप्ति के बाद शाम 6:45 बजे के पश्चात होलिका दहन किया जा सकेगा। विद्वानों ने बताया कि शास्त्र सम्मत मुहूर्त में ही होलिका दहन करना शुभ फलदायी होता है।

रंग पर्व 4 मार्च बुधवार को मनाया जाएगा। होलिका दहन के साथ ही होलाष्टक समाप्त होगा और मांगलिक कार्य पुनः प्रारंभ हो सकेंगे। विद्वानों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द्र और सुरक्षा के साथ मनाएं, ताकि किसी को किसी प्रकार की हानि न हो और उत्सव की पवित्रता बनी रहे।



# तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं अग्नि सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति अमाली में तेंदूपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण एवं अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदय साहू जनपद उपाध्यक्ष नगरी एवं विशेष अतिथि सोमनाथ सोम जिला अध्यक्ष जिला यूनियन, , हिरौंदी बाई सरपंच अमाली, विशालराम ओटी समिति अध्यक्ष अमाली, हुलास सोन प्रबंधक निर्राबेड़ा, पोषक अधिकारी झम्मन लाल कश्यप, फड़ अभिरक्षक मुनीर खान, राजाराम साहू यशकरण साहू, संचालक मंडल सदस्य सरजूराम साहू, गणेशाराम यादव, कमलेश नाग, जानकीबाई साहू, अशोक यादव, मिथिला मरकाम, फड़ मुंशी पवन ध्रुव, राम ध्रुव, टोकेश साहू, गोवर्धन, परसराम साहू, मन्नूलाल नाग थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। सभी संग्राहकों को तेन्दूपत्ता शाखकर्तन व अग्नि सुरक्षा संबंधित दिशा निर्देश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त युवराज पटेल समिति प्रबंधक अमाली द्वारा किया गया।

# जो माता-पिता की सेवा करते हैं, उनको तीर्थ करने की जरूरत नहीं : संत सुधाकर दास



**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में तीन दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 27 फरवरी से 1 मार्च तक किया जा रहा है। प्रमुख उपदेशक सुधाकर दास शास्त्री साहेब के साथ गौतम दास, संत टुकेश्वर दास, संत अनुपम दास, रामचंद्र दास, दिनेश दास, विवेक दास भी पहुंचे। इस अवसर पर सुधाकर दास शास्त्री ने माता-पिता की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि इस संसार में माता-पिता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। इस जगत में जो माता-पिता की सेवा करते हैं, उनको तीर्थ करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि मां साक्षात देवी व पिता देवता का रूप है। इस जगत में माता-पिता और गुरु को साक्षात देवता के रूप में माना गया है। माता हमें जन्म देती है। पिता हमारा पालन करते हैं। गुरु सभी बुराइयों से बचाते हैं। सत्य मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में मन को अनुकूल रखना है तो साधना की जरूरत है लेकिन हम सभी मन के वश में फंस जाते हैं लेकिन मन से बाहर आने के लिए एकाग्रता की जरूरत है। इस आयोजन में डॉ ललित कुमार, इंद्राणी निषाद, प्रेम नारायण, जमुना निषाद, नरेंद्र कुमार, सुरुचि निषाद, शंकरलाल, गोमती निषाद, प्रेमशंकर, पदमा, राधा, रेणु, पायल सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

**एफपीओ को नई पैकेजिंग मशीन उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने गट्टासिल्ली में दोना-पत्तल एवं वाशिंग पाउडर इकाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड के ग्राम गट्टासिल्ली का दौरा कर जय मां लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित दोना-पत्तल एवं वाशिंग पाउडर निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, विपणन व्यवस्था तथा समूह की आय-व्यय की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने दोना-पत्तल निर्माण में उपयोग किए जाने वाले पत्तों के संग्रहण, मशीनों की कार्यप्रणाली तथा तैयार उत्पाद की स्थानीय बाजारों में खपत की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर यह भी जाना कि समूह से जुड़कर उनकी मासिक आय में किस प्रकार वृद्धि हुई है। समूह की अध्यक्ष शिवरात्रि विश्वकर्मा ने बताया कि दोना-पत्तल निर्माण हेतु आसपास के गांवों से पत्ते एकत्रित किए जाते हैं तथा तैयार उत्पाद को ग्राम स्तर और समीपस्थ बाजारों में विक्रय किया जाता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वाशिंग पाउडर निर्माण इकाई का अवलोकन करते हुए उत्पादन लागत, कच्चे माल की आपूर्ति, पैकेजिंग एवं विपणन तंत्र की जानकारी ली। समूह द्वारा बताया गया कि कच्चा माल रायपुर से मंगाया जाता है और तैयार उत्पाद को आकर्षक पैकेजिंग के साथ स्थानीय दुकानों में उपलब्ध कराया जाता है, जिससे महिलाओं को नियमित आय प्राप्त हो रही है। इसके पश्चात कलेक्टर मिश्रा ने गट्टासिल्ली स्थित एफपीओ सेंटर का निरीक्षण किया। प्रबंधन समिति ने अवगत कराया कि समूह जैविक खेती को बढ़ावा दे रहा है, परंतु वर्तमान पैकेजिंग मशीन सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही है। इस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति को नई पैकेजिंग मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार विस्तार में सहायता मिल

### बच्चों को लइका घर भेजने की दी समझाइश



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महिलाओं को अपने बच्चों को लइका घर भेजने की समझाइश देते हुए कहा कि इससे बच्चों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्रारंभिक शिक्षा की सुविधा प्राप्त होगी, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। मौके पर सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विमल साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती जगरानी एक्का, एसडीएम नगरी मनोज मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी रोहित बोरझा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### शराब का अवैध परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** अवैध रूप से शराब ले जा रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर उसके कब्जे से 34 पौवा देसी शराब जब्त की है। रूद्री पुलिस को मुखबिर से एक व्यक्ति द्वारा योगेश आटो सेंटर के पास अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच आटो सेंटर के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने अशोक दास मानिकपुरी को संदिग्ध हालत में पकड़ उसकी तलाश ली। युवक के कब्जे से बिना वैध दस्तावेज के अवैध रूप से परिवहन की जा रही 34 पौवा देसी शराब बरामद की गई। 22 पौवा देसी प्लेन शराब व 12 पौवा देसी मसाला शराब कुल कीमत 2960 रुपए जब्त की गई। पुलिस ने धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी अशोकदास मानिकपुरी पिता साहिलदास मानिकपुरी उम्र 40 वर्ष आनंदपारा रूद्री निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### होली से पहले किसानों के खाते में बोनस



**जीजामगांव।** किसान मोर्चा जिला मंत्री दुलारुराम साहू ने कहा कि होली पर्व से पहले छत्तीसगढ़ के धान उत्पादक किसानों को बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार द्वारा 10,324 करोड़ रुपये की बोनस राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की गई, जिससे किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि धमतरी जिले के विकासखंड कुरूद में समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागों को सशक्त बजट स्वीकृत हुआ है। पशुपालन, वाणिज्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उच्च शिक्षा, राजस्व, लोक यांत्रिकी और स्कूल शिक्षा विभाग को विशेष प्रावधान दिए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत 83 ग्रामों के लिए 12,512.31 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री साहू ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### यवन बने भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंत्री



**मगरलोड।** भाजपा ने भोथीडीही निवासी यवन साहू को जिला भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंत्री का दायित्व सौंपा है। उन्होंने अपने नवीन दायित्व के लिए प्रदेश संगठन व जिला भाजपा संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने संगठन से मिली जवाबदारी को पूरी इमानदारी व तन्मयता से निभाने की बात कही। यवन पूर्व में भाजपा मण्डल मगरलोड में महामंत्री सक्ती केन्द्र प्रभारी व भोथीडीही के सरपंच रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर विकास मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, राजेन्द्र गोलछा, शशि पवार, पिंकी शाह, विजय यदु, नरेश सिन्हा ,रामायण सिन्हा, नरेश अग्रवाल, टीकम साहू, मुरली सिन्हा, नंदनी सिन्हा, जीवराखन साहू ने हर्ष जताया है।

पुलिस अधीक्षक ने आगामी होली पर्व को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली

# होली पर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता : परिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी होली पर्व पर जिले की कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा पुलिस कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली गई। होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, यातायात प्रबंधन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण को लेकर गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

वर्ष 2025-26 में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) एवं 34(2) के तहत की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। खुले स्थानों पर शराब सेवन करने वालों तथा सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होटल, ढाबा एवं लॉज की नियमित जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडे, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चतुर्वेदी, एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा, डीएसपी यातायात मोनिका मरावी, डीएसपी मुख्यालय मीना साहू, डीएसपी एसजेपीयू यशकरण दीप ध्रुव, एसडीओपी नगरी विपिन रंगारी सहित सभी थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे।



#### संवेदनशील क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात होंगे

पिछले पांच वर्षों में होली के दौरान हुई घटनाओं का विश्लेषण कर इस वर्ष के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई गई है। जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, मोबाइल पेट्रोलिंग, स्थायी पिकेट तथा चिन्हित क्राइम हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए।

#### गुंडा-बदमाशों पर कड़ी नजर रहेगी

एसपी ने निर्देशित किया कि जिले के चिन्हित गुंडा-बदमाशों, निगरानीशुदा एवं उभरते असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उन पर सतत निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकतानुसार बाउंड ओवर एवं जमानतबद्ध कार्रवाइ की जाए। चाकूबाजी, तलवारबाजी एवं हथियार से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

#### होली के दौरान विशेष सतर्कता बरतें

होली पूर्व सभी अनुभाग में फ्लैग मार्च आयोजित किए जाएंगे। हुड़दंग, मारपीट, जबरन रंग लगाने एवं नशे में वाहन चलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी। दोपहिया वाहन में तीन सवारी, स्टंटबाजी एवं ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलेगा। सोशल मीडिया पर भ्रामक या साम्प्रदायिक पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पालन किया जाएगा। क्राइम हॉट स्पॉट क्षेत्रो में लगातार पेट्रोलिंग और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु संबंधित विभागों से समन्वय किया जाएगा।

## मरम्मत के बाद बालक चौक-मकई तालाब मार्ग पर आवागमन सामान्य

- होली से पहले व्यापारियों और आमजन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पाइपलाइन बिछाने के कार्य के कारण बालक चौक से मकई तालाब तक का मार्ग पिछले तीन माह से अस्त-व्यस्त बना हुआ था, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारी वर्ग को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी विजय मोटवानी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया था कि शुक्रवार तक मार्ग को पूरी तरह व्यवस्थित कर दिया जाएगा। वादे के अनुरूप मार्ग से मलबा और पाइप हटाकर गड्ढों को कांक्रीट से भर दिया गया, जिससे सड़क पूर्व की तरह सुचारु रूप से चलने योग्य बन गई है।

मार्ग की मरम्मत और सफाई में स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लुनिया की भी अहम भूमिका रही। उनके निर्देशन में निगम की सफाई टीम ने बालक चौक से घड़ी चौक तक विशेष सफाई अभियान चलाया, जिससे धूल-मिट्टी से लोगों को राहत मिली। इससे फुटपाथ पर त्योहारी सामग्री बेचने वाले छोटे व्यापारियों को भी साफ-सुथरा वातावरण मिला।

व्यापारियों ने कहा कि अव्यवस्था के कारण रोज़ी-रोटी पर संकट आ सकता था, लेकिन समय पर समाधान होने से उन्होंने राहत की सांस ली है। उन्होंने विजय मोटवानी, नीलेश लुनिया और नगर निगम की टीम के प्रति आभार जताया। पार्षद श्री मोटवानी ने कहा कि ठेकेदार और निगम के सहयोग से मार्ग को पूरी तरह दुरुस्त किया गया है। नीलेश लुनिया ने कहा कि स्वच्छता को लेकर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सामूहिक प्रयास से काम आसानी से पूरे किए जा सकते हैं।

## सेहराडबरी में वीबी जी-राम-जी पर लगी जनचौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत सेहराडबरी में विकसित भारत जी राम जी पर श्रमिक कृषक जनचौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा थे। रोहिताश मिश्रा ने विकसित भारत जी राम जी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व की रोजगार गारंटी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई थी। पिछली सरकार के कार्यकाल में कई सौ करोड़ रुपये के घोटाले सामने आए। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना श्रमिक कल्याण, महिला सशक्तिकरण, अधोसंरचना विकास तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत मजदूरों को मजदूरी के साथ-साथ स्वावलंबी बनने के अवसर मिलेंगे। महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। पहले जहां रोजगार गारंटी में 100 दिन का कार्य मिलता था, वहीं अब 125 दिनों का रोजगार दिया जायेगा। मौके पर किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी किशोर साहू, जनपद सदस्य सत्यप्रभा साहू, सूरज शर्मा, सरपंच विजय मारकंडे, उपसरपंच लतखोर साहू, मनीष साहू, नीरज नेताम, पंच मोहन साहू, राधिका साहू, सीमा साहू, गायत्री साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएम आवास में धमतरी की मजबूत वापसी की तैयारी

- लंबित किस्तों के शीघ्र भुगतान से रफ्तार पकड़ेगा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत धमतरी जिले में आवास निर्माण को फिर से गति देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस प्रयास तेज कर दिए गए हैं। भले ही वर्तमान में जिले की रैंकिंग पांचवें स्थान पर है, लेकिन लंबित किस्तों के शीघ्र जारी होने और सतत निगरानी से धमतरी एक बार फिर शीर्ष जिलों में शामिल होने की दिशा में अग्रसर है।

जिले को खरीफ 2026-27 से पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 हजार 695 आवासों का लक्ष्य मिला है, जिनमें से 20 हजार 438 आवास स्वीकृत हो चुके हैं। अब तक 221 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि शेष आवास विभिन्न चरणों में प्रगतिरत हैं। प्रशासन का दावा है कि आगामी महीनों में निर्माण की रफ्तार और



तेज होगी।

नवंबर 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में नए आवासों को स्वीकृति दी गई थी। इसी क्रम में धमतरी जिले को भी बड़ी संख्या में आवासों का लक्ष्य मिला। पहली किस्त 19 हजार 485 हितग्राहियों को जारी की जा चुकी है, जिससे निर्माण कार्य को प्रारंभिक मजबूती मिली।

दिसंबर माह तक 15 हजार 383 हितग्राहियों ने प्लिंथ लेवल तक कार्य पूर्ण कर लिया था। फरवरी में 6201 हितग्राहियों को दूसरी किस्त की राशि भी प्राप्त हो चुकी है। शेष 9182 हितग्राहियों को भी जल्द दूसरी किस्त जारी होने की प्रक्रिया में है, जिससे निर्माण कार्यों में और तेजी आएगी। विभाग ने बताया कि केंद्र स्तर से राशि जारी होने के बाद ऑनलाइन पोर्टल में अपडेट होने में कुछ समय लग रहा है, जिसके कारण एफटीओ भरने में विलंब हुआ। हालांकि अब तकनीकी समन्वय बेहतर हो रहा है और शेष हितग्राहियों को भी शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। इधर जिला पंचायत में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में आवास निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट कहा गया कि अपूर्ण आवासों के कारणों की पहचान कर कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए और प्रत्येक निर्माणाधीन आवास का भौतिक सत्यापन समय पर किया जाए। प्रशासन का मानना है कि राशि निर्गमन की प्रक्रिया के सामान्य होते ही धमतरी जिले में आवास निर्माण फिर उसी तेजी से होगा, जिसके लिए यह जिला पहले प्रदेश और देश स्तर पर सराहा जा चुका है। आने वाले समय में हजारों परिवारों को पक्के आवास मिलने से जिले की तस्वीर बदलने की पूरी

## रिसॉर्ट में सजी यादों और नए आरंभ की रंगीन शाम



- जेनेसिस कॉलेज में लम्हे 2026 वार्षिक समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जेनेसिस कॉलेज द्वारा ग्रीन एडवेंचर रिसॉर्ट गंगरेल में वार्षिक समारोह जेनेसिस लम्हे 2026 जहां यादें मिलती हैं नए आरंभ से का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर जनसमूह को भावविभोर कर दिया। मंच से विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास स्पष्ट झलकता रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब सिद्ध जैन को, मिस फ्रेशर सुमन साहू को प्रदान किया गया। मिस्टर फेयरवेल वेदांत देवांगन और मिस फेयरवेल निष्ठा सिंघल रहीं। मिस्टर इवनिंग का सम्मान कृष्णा सिंघल तथा मिस इवनिंग का खिताब गुर्लिन बग्गा को मिला।

महाविद्यालय के संचालक प्रीतपाल सिंह छाबड़ा ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, निरंतर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर प्राचार्य शिरोमणि सोनी, प्रो गौरव लोहाना, हरीश नागवानी, रीतेश सिंह सहित शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## यादव समाज की अस्मिता पर प्रहार बर्दाश्त नहीं

- यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर रोक लगाने की मांग
- सर्व यादव समाज ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रस्तावित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर यादव समाज का विरोध अब संगठित और मुखर रूप ले चुका है। फिल्म के 27 फरवरी 2026 को रिलीज की सूचना के बाद सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ ने इसे समाज की भावनाओं के विरुद्ध बताते हुए रिलीज से पूर्व प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस संबंध में जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा फिल्म विकास निगम, नई दिल्ली के अध्यक्ष को

सर्व यादव समाज के जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर रमेश यदु (प्रांताध्यक्ष, छग), मदन यदु (महासचिव), बाबूलाल यदु (कोषाध्यक्ष), मोहन कुमार यादव (प्रचार मंत्री) एवं जय यादव शामिल रहे।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि फिल्म निर्माता अंकित भडाना और संदीप तोमर द्वारा निर्मित इस फिल्म में एक यादव युवती और मुस्लिम युवक के काल्पनिक प्रेम प्रसंग को दर्शाया गया है। समाज का कहना है कि फिल्म का शीर्षक और कथानक यादव समाज की बहन-बेटियों के सम्मान के प्रतिकूल है, जिससे पूरे समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं।

सर्व यादव समाज का आरोप है कि इस प्रकार की प्रस्तुति से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। समाज ने स्पष्ट किया कि कला की स्वतंत्रता के नाम पर किसी समाज की पहचान और गरिमा से समझौता स्वीकार्य नहीं है।

यह ज्ञापन जिलाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष को प्रेषित किया गया। समाज ने मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए फिल्म को रिलीज से पहले प्रतिबंधित किया जाए।

## जूस पिलाकर तुड़वाया प्रेमलाल का आमरण अनशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम परसुली निवासी प्रेमलाल बंदे घास जमीन पर अवैध रूप से बने मकान को तोड़े जाने की सूचना के विरोध में 27 फरवरी को पंचायत भवन के सामने परिवार व समाज प्रमुखों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए। लंबे समय तक कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, केवल पटवारी मैडम और अर्जुनी पुलिस उपस्थित रही, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।

स्थिति को देखते हुए ट्रेनिंग पर गए सिरमौर तहसीलदार ने सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी से मोबाइल पर चर्चा कर बताया कि मकान तोड़ने की कार्रवाई फिलहाल स्थगित कर दी गई है और अनशनकारियों को समझाने का आग्रह किया। अर्जुनी पुलिस ने भी सरपंच को मौके पर बुलाया। सरपंच के पहुंचने पर उन्होंने एसडीएम व तहसीलदार द्वारा दी गई जानकारी विस्तार से अनशनकारी प्रेमलाल बंदे व अन्य ग्रामीणों को समझाई। आश्वासन के बाद प्रेमलाल बंदे को जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया गया। इसके पश्चात सभी लोग अपने-अपने घर लौट गए। सरपंच ने बताया कि 1 मार्च को ग्राम विकास समिति व पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक में इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मौके पर घेवर बंजारे, जैनकुमार बंजारे, निर्मल बंजारे, रामरतन बारले, राजेंद्र भारती, आशीष रात्रे, धन्नू जांगड़े, आरपी कुर्रे, प्रेमलाल कुर्रे, ठाकुर प्रसाद गुप्ता, प्रदीप जांगड़े सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिव चौक से शिवाजी चौक और म्युनिस्पिल स्कूल तक बनेगी बीटी सड़क

- महापौर रामू रोहरा ने दिलाई स्वीकृति, पार्षद ठाकुर का चुनावी वादा हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रिसाईपारा पूर्व के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण का सपना अब महापौर रामू रोहरा के प्रयास से साकार होने जा रहा है। शिव चौक से शिवाजी चौक तथा शिव चौक से म्युनिस्पिल स्कूल चौक तक बीटी रोड निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। कार्य के स्वीकृत होने से वार्डवासियों में हर्ष है।

वार्ड पार्षद मेघराज ठाकुर ने बताया कि उन्होंने निगम चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में इन जर्जर और उपेक्षित मार्गों के निर्माण का वादा किया था। चुनाव जीतने के बाद से ही वे लगातार इस दिशा में प्रयासरत थे और महापौर रामू रोहरा के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से रखा गया। महापौर की लगातार पहल और समन्वय के परिणामस्वरूप अब इन सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

पार्षद श्री ठाकुर ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति रिसाईपारा पूर्व के नागरिकों के लिए बड़ी सौगात है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। लोगों को धूल, कीचड़ और दुर्घटनाओं की समस्या का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब बीटी रोड बनने से नागरिकों को सुरक्षित और बेहतर सुविधा मिलेगी। वार्डवासियों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति पर महापौर और पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।


### गिरौद प्राथमिक शाला में हुआ मापन मेला

**मगरलोड।** बच्चों में मापन से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं को लेकर प्राथमिक शाला गिरौद मे स्टॉल लगाया गया। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों द्वारा विभिन्न स्टॉलों में जाकर व्यावहारिक समझ निर्माण किया गया। इन 12 स्टॉलों में परिमाप समान होते हुए क्षेत्रफल अलग-अलग होना, क्षेत्रफल अलग अलग होने पर परिमाप समान होना, अमानक इकाई डस्टर से मापन, मानक इकाई स्केल से मापन, आकृति टेड़ा मेढ़ा व वक्र होने पर धागों से मापन, ग्राम व किलोग्राम संबंधी गतिविधियां कराई गई।

## पुण्यतिथि पर भी उपेक्षित रहे भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देश के प्रथम राष्ट्रपति, स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी और सादगी व राष्ट्रसेवा की मिसाल डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि 28 फरवरी को रही, लेकिन यह दिन पूर्णतः उपेक्षा का शिकार रहा। न किसी राजनीतिक दल ने उन्हें सार्वजनिक रूप से स्मरण किया और न ही किसी सामाजिक संगठन ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।



यह स्थिति राष्ट्र के प्रति समर्पित एक महान व्यक्तित्व के सम्मान और स्मृति पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के साथ सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने देश की आज़ादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 26 जनवरी 1950 को प्रथम राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने लोकतंत्र की मर्यादाओं को सुदृढ़ किया और सादगीपूर्ण जीवन से उच्च आदर्श स्थापित किए। स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, कृषि सुधार और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। इसके बावजूद उनकी पुण्यतिथि पर मौन रहना चिंताजनक है। यह केवल एक व्यक्ति की उपेक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र के मूल्यों की अनदेखी है।

### गातापार में कृष्ण लीला देखने उमड़े ग्रामीण

**सिर्री।** ग्राम गातापार (आ) में आदर्श श्री बाल कृष्ण लीला मंडली खड़ौदा खुर्द कबीरधाम की मंडली का प्रेरणाप्रद और मनोरंजन पूर्ण प्रस्तुतिकरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयोजक कुलेश्वर साहू ,कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष मानव सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार विरोधी मिशन छत्तीसगढ़, सह संयोजक ओमप्रकाश साहू एवं फतीश साहू ने किया। संचालन मंशाराम गंधर्व द्वारा किया गया। प्रथम दिवस पूजा-अर्चना कर देव स्तुति के साथ प्रारंभ हुआ और यह पड़ाव अंतिम रूप में होली मिलन के साथ संपन्न हुआ।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कुत्ते को बचाने के चक्कर में 407 वाहन पलटा

**नगरी।** शनिवार की सुबह 9 बजे 407 वाहन नगरी से मेन रोड धमतरी की ओर जा रहा था तभी अचानक रोड पर कुत्ते को बचाने के चक्कर में वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में चालक के सिर पर चोट आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### झिरिया धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज परिक्षेत्र लोहरसी का वार्षिक सम्मेलन 1 मार्च को ग्राम सोरम में रखा गया है। सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। परिक्षेत्र के अध्यक्ष मोहितराम निर्मलकर ने बताया कि सम्मेलन में नए पदाधिकारियों का चुनाव होगा। इसके अलावा सामाजिक विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### परेवाडीह में कबीर सत्संग आज से

**धमतरी।** ग्राम परेवाडीह में एक से तीन मार्च तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संत धर्मेन्द्र साहेब अपने प्रवचन से जनमानस को कबीर के निर्गुण भक्ति मार्ग से परिचित कराएंगे। सत्संग प्रातः साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक होगा। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि सरपंच नारद साहू रहेंगे। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू तथा तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। संगीतमय कबीर भजनों की विशेष प्रस्तुति कृष्णा संगीत महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य वीरेंद्र साहू एवं साथियों द्वारा दी जाएगी।

### धीवर समाज ने महापौर रोहरा का किया अभिनंदन



**धमतरी।** धीवर समाज धमतरी परगना व हिरवानी परिवार ने महापौर रामू रोहरा का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। समाज की सदस्य श्रीमती उषा बाई हिरवानी के गंभीर उपचार हेतु महापौर की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 15 लाख 84 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की। राशि मिलने पर समाजजन भावविभोर हो उठे। महापौर ने तत्परता दिखाते हुए न केवल अनुशंसा भेजी, बल्कि पीड़िता के घर पहुंचकर हालचाल भी जाना। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व परिवारजन उपस्थित रहे।

## हमारी सरकार किसानों से किए हर वादे को पूरा कर रही : निरंजन

# कुरूद ब्लॉक के 44 हजार किसानों को मिला 158 करोड़ का बोनस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद





शनिवार को कुरूद के नए मंडी परिसर में कुरूद ब्लाक स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को बोनस राशि का प्रतीकात्मक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा और नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि कुरूद विकासखंड की 29 समितियों में पंजीकृत 44,807 किसानों के खाते में कुल 158 करोड़ 30 लाख 55 हजार रुपये की आदान सहायता राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। वहीं धमतरी जिले के कुल 1,24,423 किसानों के खाते में 434.77 करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि पहुंचाई जा रही है।

इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषक उन्नति योजना के तहत यह बोनस राशि पूरी पारदर्शिता के साथ सीधे आपके बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि किसानों को मिलने वाली इस सहायता में कोई देरी न हो, ताकि होली के पावन त्योहार पर अन्नदाता के घर भी खुशहाली रहे। हमारी सरकार किसानों से किए गए अपने हर वादे को पूरा करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों से वादा किया था कि धान खरीदी का बोनस होली से पहले उनके खाते में आ जाएगा। इसी क्रम में पूरे छत्तीसगढ़ में किसानों को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा रही है। इस अवसर पर कृष्णकांत साहू, तिलोक जैन, टिकेश साहू, पंकज सिन्हा, सिंधु बैस, रामस्वरूप साहू, चंद्रप्रकाश साहू, प्रभात बैस, थानेश्वर साहू, विकास साहू, शाखा प्रबंधक कुरुद टिकेंद्र बैस, कोर्रा महेंद्र सिंह गौर, पूर्व जिपं अध्यक्ष रघुनंदनन साहू, समिति प्रबंधक तिलोचन बांसकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और लाभार्थी किसान उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने 102 महतारी एक्सप्रेस को मारी टक्कर, गर्भवती महिला गंभीर



- लोगों ने प्रशासन से लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

नगरी थाना क्षेत्र में 27 फरवरी की लगभग सुबह 10 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। महतारी एक्सप्रेस 102 का चालक एक गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए नगरी सिविल अस्पताल लेकर जा रहा था। इसी दौरान धमतरी रोड में पीछे से तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04-एच डब्लू 8411 ने 102 वाहन को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस में सवार गर्भवती महिला चंद्रकांता नेताम (उम्र लगभग 30 वर्ष) को गंभीर चोट आई। घटना के बाद तत्काल दूसरी एम्बुलेंस की सहायता से घायल महिला को नगरी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना नगरी में संबंधित ट्रक चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 125 के तहत प्रकरण कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## ई-रिक्शा को ठोकर मारकर बस हुई फरार







हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

नेशनल हाईवे से गुजर रही ई- रिक्शा को तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ई- रिक्शा की महिला चालक व सवार युवती घायल हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर महिला चालक तुलेश्वरी उम्र 35 वर्ष अपनी ई-रिक्शा में सवार कुमकुम 17 वर्ष को छोड़ने सांकरा जा रही थी। ई-रिक्शा रिक्शा नेशनल हाईवे से गुजर रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने सामने जा रही ई- रिक्शा को लिमतरा मोड़ के पास जोरदार टक्कर मार दी। बस की ठोकर से ई- रिक्शा सड़क किनारे पलट गई। घटना में ई-रिक्शा की महिला चालक तुलेश्वरी व सवार कुमकुम गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद बस चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर वरदान परामर्श सेवा संस्था के पप्पू साहू मौके पर पहुंचे और दोनों घायल को तत्काल एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस मामले की जांच कर फरार बस चालक की तलाश कर रही है।

## 38 वर्षों की सेवा के बाद टेकराम को दी गई विदाई

- विद्युत विभाग ने जुलूस निकालकर दिया सम्मान, उनके कार्यों को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल में कार्यरत रहे टेकराम मढ़रिया के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विद्युत विभाग कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदा करते हुए विद्युत कार्यालय से उनके निवास स्थान कृदत्त कॉलोनी तक जुलूस निकाला।

जुलूस के दौरान टेकराम मढ़रिया को फूल-मालाओं से लादकर उनके 38 वर्षों की निष्ठावान सेवा को याद किया गया। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच जुलूस उनके निवास तक पहुंचा, जहां कॉलोनीवासियों एवं शुभचिंतकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में उनके द्वारा धमतरी ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्र में दी गई सेवाओं की सराहना की गई। ग्रामीणों और सहकर्मियों ने बताया कि अपने सेवाकाल में उन्होंने जिम्मेदारी, ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल कायम की।

सेवानिवृत्ति के उपरांत यह समारोह उनके जीवन के एक नए, शांतिपूर्ण और संतोषजनक अध्याय की शुरुआत का प्रतीक रहा। निवास स्थान ओम निवास कृदत्त कॉलोनी (हरियाली रेस्टोरेंट के सामने) पहुंचने के बाद टेकराम मढ़रिया ने विभागीय कर्मचारियों एवं अपने घनिष्ठ मित्रों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया।

इस अवसर पर उनके परिवारजन श्रीमती परागा मढ़रिया पत्नी, श्रीमती रीना विनय वर्मा, श्रीमती पूजा-दौलतराम वर्मा, उमाशंकर मढ़रिया एवं भविष्य सहित बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी और मित्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में रामभवन कुशवाहा, उमेश सिंह, गोपालराव रणसिंह, अरुण गुप्ता, सतीश कश्यप, मोनू कुशवाहा, राकेश जाधव, जनकराम साहू, राजकुमार साहू, प्रियतोश जाधव, डॉ. भूपेंद्र साहू, उमेश सिंह बशिस्ट, प्रवीण यादव, प्रदीप यादव, होमेश्वर चंद्राकर सहित अनेक सहयोगियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस लाइन में 35 गुण्डा बदमाशों की हुई परेड

- होली पर्व को लेकर पुलिस हुई सख्त, शांति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



### असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी

एसपी ने जिले के उभरते हुए गुंडे बदमाशों, असामाजिक तत्वों, लड़ाई झगड़ा करने वालों तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर विशेष निगरानी रखने पुलिस को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर सतत नजर रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जाए।

### निरंतर पेट्रोलिंग व चेकिंग

एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र के संवेदनशील एवं भीड़भाड वाले स्थानों की पहचान कर उक्त जगहों की निरंतर पेट्रोलिंग, फ्लैग मार्च एवं सघन चेकिंग अभियान प्रभावी रूप से संचालित करें। धमतरी पुलिस ने आम नागरिकों से होली पर्व को आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाने व संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

होली पर्व के मद्देनजर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए जिले के 35 गुण्डा बदमाश व निगरानी बदमाशों की पुलिस लाइन में विशेष परेड लेकर उन्हें शांति की विशेष शपथ दिलाई। आगामी होली त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देश में जिलेभर के गुंडा, निगरानी एवं आदतन बदमाशों के विरूद्ध विशेष सघन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत एएसपी शैलेंद्र पांडे द्वारा समस्त थाना क्षेत्र के 35 निगरानी बदमाश, गुंडा बदमाश एवं नामी बदमाशों की पुलिस लाइन रूद्री में परेड कराई गई। इस दौरान प्रत्येक बदमाश से चर्चा कर कड़ी चेतावनी दी गई कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति, मारपीट, चाकूबाजी, अड्डेबाजी, जबरन वसूली सहित अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कारवाई की जाएगी। एएसपी ने सभी को समझाइश देते हुए समाज की मुख्यधारा में रहकर सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिसका आचरण निरंतर संतोषजनक रहेगा, उन्हें माफी सूची में शामिल करने पर विचार किया जा सकता है। सभी को शांति व सद्भाव बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

## महिला कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

- एपस्टीन फाइल मामले पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



महिला कांग्रेस ने एपस्टीन फाइल को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। शहर के गांधी मैदान में आयोजित इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी एवं महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष अंबिका सिन्हा ने किया।

महिला कांग्रेस का आरोप है कि एपस्टीन फाइल्स में केंद्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी का नाम सामने आया है, जिस पर सरकार को देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की संप्रभुता और अस्मिता से जुड़े इस गंभीर मामले पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि मंत्रिमंडल के किसी सदस्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर के किसी विवादित दस्तावेज में आता है, तो सरकार की जिम्मेदारी है कि वह स्थिति साफ करे।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस मामले में चुप्पी साधी है, जो संदेह को और गहरा करती है। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि भारत अपनी संप्रभुता के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं करेगा और भाजपा के हर कथित कृत्य का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान एपस्टीन फाइल डील पर जवाब दो जैसे नारे लगाए गए। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, जिला सचिव विक्रांत पवार, पार्षद सुमन मेश्राम, वीणा देवांगन, राकेश मौर्या, शैलेंद्र दीवान, गीतराम सिन्हा, देवेंद्र देवांगन, सूरज पासवान, जीत्तू साहू, हिना ध्रुव, सबीना खान, वातांजलि गोस्वामी, अविनाश मरोठे, योगेश्वर साहू, यशनारायण दुबे, मानिक साहू, सलीम तिगाला, नमन बंजारे, रुद्रा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बजट से युवाओं, किसानों में निराशा : घनाराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए घना राम साहू ने कहा कि यह बजट घिसा-पिटा और दिशाविहीन है, जिसमें राज्य के भविष्य के ज्ञान, रोजगार और आत्मनिर्भरता की स्पष्ट रूपरेखा दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षित युवक-युवतियां बेरोजगार हैं, लेकिन उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। श्री साहू ने कहा कि धमतरी जिला विकास के नाम पर पिछड़ा हुआ है। सड़कों की हालत जर्जर है, पर इसके लिए अलग से बजट नहीं रखा गया। जिले में इंजीनियरिंग, मेडिकल, आयुर्वेदिक एवं अंग्रेजी माध्यम का कोई महाविद्यालय नहीं है, फिर भी वर्षों से लंबित मांगों पर बजट में मौन रहा। उन्होंने गंगरेल बांध के डुबानवासियों के लिए लिफ्ट सिंचाई योजना, धान के समर्थन मूल्य की भरपाई और शराब दुकानों की संख्या कम करने जैसे वादों को पूरा न किए जाने पर बजट को पूरी तरह निराशाजनक बताया।













